आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 04.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य में आज से 18 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा अभियान–यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।
- प्रदेश में आज से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सर्वेक्षण शुरू।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विद्यार्थियों से शिक्षा का उपयोग वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करने का आग्रह किया।
- नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस साल राजस्थान को ''पार्टनर स्टेट'' बनाया गया।

000

जयपुर में कल हुए भीषण सड़क हादसे के बाद पूरे राज्य में आज से सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान 18 नवम्बर तक चलेगा। इसके तहत परिवहन और पुलिस विभाग नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कर रहे हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. बुनकर ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

000

इस बीच, पुलिस की ओर से भी विभिन्न शहरों और राजमार्गों में तेज गति तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में पिछले दिनों हुए सड़क हादसों को लेकर विभिन्न विभागों की कल रात एक उच्च स्तरीय बैठक की थी, जिसमें सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये गये।

इस बीच, कल हुए हादसे में घायल 14 लोगों का जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

000

प्रदेश में आज से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया गया है। बीएलओ वर्तमान पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट गणना प्रपत्र वितरित करेंगे।
इन फॉर्म में उनके वर्तमान मतदाता विवरण शामिल हैं। अगर उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में भी था, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है। गणना का चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अगले साल आठ जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। श्रीगंगानगर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने कहा कि एसआईआर को लेकर किसी भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं दें और बीएलओ को सहयोग करें।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा है कि अंता उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। आज बारां में प्रेस कॉन्फ्रेन्स में उन्होंने चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए लगभग 3300 जवान तैनात किए जाएँगे, जिनमें बीएसएफ की तीन और आरएसी की चार कम्पनियाँ भी शामिल होंगी।

000

इस बीच, उपचुनाव के लिए प्रचार जोर पकड़ रहा है। भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अंता के दौरे पर रहीं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लिया।

000

प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 69 लाख 50 हजार से अधिक नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा गया है। इस बीच योजना से स्वेच्छा से नाम हटवाने लिए चलाये गये गिवअप अभियान के तहत लगभग 42 लाख अपात्र लोगों ने खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ दिया है। इससे पात्र वंचितों को न केवल मुफ्त गेहूं बल्कि रसोई गैस सब्सिडी और आयुष्मान बीमा योजनाओं का फायदा भी सुनिश्चित हो सकेगा।

000

मुख्य सचिव सुधांश ने ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की राज्य स्तरीय समिति की 15वीं बैठक में बीएसएनएल 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने जोर दिया कि ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के बाद खोदे गए गड्ढे सही से भरे जाएं ताकि आमजन को असुविधा न हो। बैठक में बताया गया कि राजस्थान में संचार साथी पोर्टल के माध्यम से मोबाइल रिकवरी प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा केवल आत्मनिर्भरता का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास की प्रेरणा भी है। वे आज उत्तराखंड के नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा का उपयोग वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा बुद्धि, कौशल और नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाती है।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने आज बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, "राष्ट्रीय एकात्मता : विविधता में एक चेतना" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राज्यपाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राष्ट्र अनेक भाषा, संस्कृति और परंपराओं से मिलकर बनता है, और नागरिकों में देश के प्रति निष्ठा और प्रेम होना चाहिए। उन्होंने एकता की भावना को कर्मों में उतारने पर बल दिया।

000

प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' के तहत ब्यावर और कोटपूतली–बहरोड़ जिलों के शिक्षण संस्थानों में भी निबंध, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पाली के बांगड़ कॉलेज में भी निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिनके विजेताओं को 6 नवम्बर को पुरस्कार दिये जाएंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजनों का उद्देश्य जनजातीय संस्कृति के प्रति जागरुकता बढ़ाना है।

000

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के सिलसिले में मनाये जा रहे "राष्ट्रीय एकता पखवाड़े" के अंतर्गत आज करौली में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित इस मार्च में नगर परिषद सभापति डॉ. राजरानी शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली विद्यार्थियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

000

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस साल राजस्थान को 'पार्टनर स्टेट' बनाया गया है। इसके लिए राजसिको लगभग एक हजार वर्गमीटर में राजस्थान मंडप का निर्माण करेगा। उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता ने बताया कि मंडप में राज्य की औद्योगिक प्रगति, कला, शिल्प और पर्यटन की आकर्षक झलक दिखाई देगी। इसमें कारीगरों के लाइव प्रदर्शन 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' वॉल और राज्य के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस बार मेले में राजस्थान और असम के सांस्कृतिक और व्यापारिक एकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवम्बर से शुरू होकर 27 नवम्बर तक चलेगा।

000

सीए फाइनल परीक्षा 2025 में प्रदेश के बकुल गुप्ता ने तीसरी रैंक हासिल की है। वे खैरथल–तिजारा ज़िले के किशनगढ़ बास के हैं। उन्होंने पहले ही प्रयास में कुल साऐ 81 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। बकुल ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित 6 से 8 घंटे की पढ़ाई, लगातार रिवीजन और अनुशासन को दिया।

000

सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व कल मनाया जाएगा। इसके की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर प्रदेशभर के गुरुद्वारों को रंग–बिरंगी लाइटों और आकर्षक फूलों से सजाया गया है। भरतपुर में प्रभात फेरी निकाली गई। पाई बाग स्थित गुरूद्वारा में अखंड पाठ हुआ। इसी क्रम में, पाली ज़िले में आज से दो दिन के विशेष आयोजनों की शुरुआत हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि गुरुद्वारे में आज से अखंड पाठ, शब्द कीर्तन और गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है।

000